# आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

INTERNATIONAL PAPER




## समीक्षा

इंटरनेशनल पेपर ऐ पी पी एम लिमिटेड (“IP APPM”) ईमानदारी एवं अखंडता के साथ व्यापार का संचालन करने, सभी लोगों के साथ गरिमा और सम्मान का व्यवहार करने, हमारे समुदायों को सहायता देने, संचालित किए जाने वाले देशों के कानूनों, विनियमों और संधियों का सम्मान करने में विश्वास रखती है। अपने आपूर्तिकर्ताओं का चयन करने में, IP APPM वैसे प्रतिष्ठित व्यवसाय साझेदारों का चयन करने के लिए प्रयासरत रहती है जो अपने व्यवसाय का संचालन इस प्रकार से करते हैं कि वे अपने उच्च नैतिक मानकों, सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य परिवेश, मानवीय अधिकारों एवं सम्मान की सुरक्षा, परिवेश की सुरक्षा और कानून के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।

आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (“संहिता”) में कार्यस्थल के मानकों और हमारे आपूर्तिकर्ताओं के व्यवसायिक कार्यों, उनके मूल निकायों, सहायकों, सहयोगी कंपनियों, उपठेकेदारों और अन्य, जो अपनी आपूर्ति शृंखला (“आपूर्तिकर्ता”) के भीतर हैं, के संदर्भ में हमारी अपेक्षाओं की रूपरेखा दी गई है। इस संहिता में निहित अपेक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण कारक हैं, जो हमें इस बात का निर्णय लेने में सहायता करते है कि क्या व्यवसाय संबंध स्थापित किए जाएँ या मौजूदा व्यवसाय संबंधों का विस्तार किया जाए। प्रत्येक आपूर्तिकर्ता इस बात को सुनिश्चित करने के प्रति जिम्मेदार हैं कि उसके कर्मचारी, प्रतिनिधि और उपठेकेदार इस संहिता को पढ़ें और इसका अनुपालन करें।

इस संहिता में दी गईं अपेक्षाएं अनुबंध की विशिष्ट आवश्यकताओं को प्रतिस्थापित नहीं करतीं। बल्कि, यह संहिता अनुबंध का अभिप्रेत विशिष्ट आवश्यकताओं का पूरक बनना है। यदि संविदात्मक शर्त इस संहिता से अधिक सख्त हो, तो आपूर्तिकर्ता को सख्त संविदात्मक आवश्यकता को अवश्य पूरा करना चाहिए। यह संहिता संविदात्मक शर्तों या संघटित अभिव्यक्ति या अंतर्निहित संविदात्मक दायित्वों या रोजगार के अनुबंध को नहीं बदलती।

IP APPM का परिचालन वैश्विक परिवेश में होता है और यह उन देशों के कानूनों और संधियों का सम्मान करती है जहां IP अपना संचालन करती है, लेकिन कुछ कानून, जैसे कि यूनाइटेड स्टेट्स फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट (FCPA), यूके ब्राइबरी एक्ट और अन्य कंपनी के वैश्विक परिचालनों पर लागू होते हैं। इसलिए, यह संहिता उन सिद्धांतों पर केंद्रित है जो हमारे समस्त वैश्विक परिचालनों पर दायित्वों के सुसंगत अनुपालन का समर्थन करते हैं। आपूर्तिकर्ताओं से उन देशों के कानूनों और संधियों का अनुपालन करने की भी उम्मीद की जाती है जहां उनका परिचालन होता है; तथापि इस प्रकार के अनुपालन के कार्यक्षेत्र के भीतर, जहां स्थानीय या क्षेत्रीय कानून इस संहिता के सिद्धांतों की अपेक्षा कम प्रतिबंधित हैं, वहां हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से इस संहिता का पालन करने की उम्मीद करते हैं। इसके विपरीत, जब स्थानीय या क्षेत्रीय कानून इस संहिता के सिद्धांत की अपेक्षा अधिक प्रतिबंधित हैं, वहां हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से स्थानीय या क्षेत्रीय कानूनों का पालन करने की उम्मीद करते हैं।

### ★ कार्यस्थल, श्रम और मानवाधिकार

**सम्मान और प्रतिष्ठा।** आपूर्तिकर्ताओं से अपने कार्यस्थलों को उत्पीड़न, कठोर व्यवहार, हिंसा, धमकी, शारीरिक दंड, मानसिक या शारीरिक बलात्कार, मौखिक दुर्व्यवहार और भेदभाव से मुक्त रखने की उम्मीद की जाती है।

**वेतन और लाभ।** आपूर्तिकर्ताओं को मुआवजा, लाभ और समयोपरि सहित वेतन और कार्य अवधि के संचालन के सभी कानूनों का पालन करना चाहिए।

**संघ की स्वतंत्रता।** आपूर्तिकर्ताओं को बिना किसी प्रतिशोध के भय के किसी भी विधिसंगत संघ के जुड़ने या न जुड़ने के लिए अपने कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

**कर्मचारी की योग्यता और स्वैच्छिक श्रम।** आपूर्तिकर्ता को केवल उन्हीं श्रमिकों की नियुक्ति करनी चाहिए, जिनके पास कार्य करने का वैध अधिकार हो। किसी भी परिस्थिति में अवैध बाल श्रम और जबरन श्रम वर्जित है।

आपूर्तिकर्ताओं को किसी भी प्रकार के गलत आचरण से अलग होना चाहिए — और उनके ठेकेदारों को ऐसे किसी भी प्रकार के आचरण से अलग रहना चाहिए — जो शोषण, जबरन मजदूरी या किसी व्यक्ति की दासता के उद्देश्य से धमकी, बल या अन्य प्रकार के बलात्कार, अपहरण, चेतावनी, प्रतिशोध, या सत्ता के दुरुपयोग, का उपयोग करता है। आपूर्तिकर्ताओं को मानव के अवैध व्यापार और दास प्रथा के विरूद्ध संचालित सभी नियमों का अनुपालन करना चाहिए।

## व्यवसाय आचरण और नैतिकता

**अवैध भुगतान भ्रष्टाचार और रिश्वत।** आपूर्तिकर्ताओं को अवैध भुगतान या भ्रष्टाचार में संलिप्त नहीं होना चाहिए या उपहार के प्रस्ताव, पक्षपात या आवभगत, को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए,जहाँ उनका उद्देश्य — प्राप्तकर्ता पर अहसान करना हो — या यह उसके लिए प्रतीत होता हो । आपूर्तिकर्ताओं को जबरन वसूली, धोखाधड़ी, गबन, रिश्वतखोरी या दलाली में भाग नहीं लेना चाहिए। जब आपूर्तिकर्ता किसी सरकार अधिकारी से सौदा कर रहा हो और जब भुगतान रिश्वत के बजाय वैधानिक हो, तो उसे कानूनी रूप से समझने और निर्धारण करने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए।

**सामान्य अनुबंध आचार और वित्तीय अखंडता।** सामान और सेवाएं प्रदान करते समय, आपूर्तिकर्ताओं को अपने संविदात्मक दायित्वों को पूरा करना चाहिए और कानून का पालन करना चाहिए। IP APPM के लिए किसी भी प्रकार का प्रतिनिधित्व सही और सच्चा होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आपूर्तिकर्ताओं को सही रिकॉर्ड रखने चाहिए, जो कानून का अनुपालन करें।

**हित का विवाद।** आपूर्तिकर्ता किसी भी प्रकार के हित के विवाद की जानकारी IP APPM को देंगे, जैसे कि उनके किसी कर्मचारी (या कोई व्यक्ति जो कर्मचारी के करीबी हो) का संबंध IP APPM के कर्मचारी के साथ हो जिसके निर्णय से आपूर्तिकर्ता का व्यवसाय प्रभावित हो सकता है — या जब IP APPM के कर्मचारी को आपूर्तिकर्ता के व्यवसाय में किसी प्रकार की दिलचस्पी हो।

**प्रतिभूतियां और अंदरूनी व्यापार।** IP APPM के लिए कार्य करते समय यदि आपूर्तिकर्ता को किसी भौतिक असार्वजनिक जानकारी का पता चलता है तो उसे उस जानकारी को किसी अन्य के साथ साझा नहीं करना चाहिए या इसका उपयोग विपणन व्यापार के लिए नहीं करना चाहिए।

**अविश्वास और प्रतियोगिता कानून।** आपूर्तिकर्ताओं को वैसे अनुबंधों और कार्यवाहियों से बचना चाहिए जो अवैध रूप से सीमित व्यापार या प्रतियोगिता हो। उन्हें हमारे कर्मचारियों को IP APPM के प्रतियोगी के बारे में कोई गोपनीय जानकारी नहीं देना चाहिए।

**उपहार देना और राजनीतिक योगदान।** स्थानीय रिवाज की परवाह किए बिना, IP APPM के कर्मचारियों को रिश्वत या अनुचित, महँगे, या बार-बार उपहार देना वर्जित है। इसके अतिरिक्त, आपूर्तिकर्ताओं को सरकारी अधिकारियों को आवभगत या उपहार पेश नहीं करने चाहिए या IP APPM की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप राजनीतिक योगदान नहीं करना चाहिए।

**बौद्धिक संपत्ति और डेटा की गोपनीयता।** आपूर्तिकर्ताओं को IP APPM के सभी बौद्धिक संपत्ति अधिकारों, व्यापार गोपनीयता और स्वामित्व जानकारी की रक्षा करनी चाहिए। उन्हें IP APPM की ओर से रखी जाने वाली निजी रूप से पहचान योग्य जानकारी की भी अनधिकृत पहुंच, विनाश, परिवर्तन, उपयोग और प्रकटीकरण से रक्षा करना चाहिए।

## स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिवेश

**कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा।** हम आपूर्तिकर्ताओं से रक्षित, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य स्थलों को प्रोत्साहित करने की उम्मीद रखते हैं। आपूर्तिकर्ताओं को अपने कार्यस्थल पर वे सभी वस्तुएं यथास्थान रखनी चाहिए जो दुर्घटनाओं, चोट और विस्फोट की संभावना को कम करने के लिए आवश्यक हैं — विशेष रूप से जहां खतरनाक सामग्री मौजूद हो। उनके पास कानून के अनुपालन के लिए सुस्थापित सुरक्षा प्रक्रियाएं, निवारक अनुरक्षण और सुरक्षात्मक उपकरण होना चाहिए।

**पृथ्वी के लिए जिम्मेवारी।** आपूर्तिकर्ताओं को पर्यावरणीय नियमों का अनुपालन करना चाहिए, जिसमें खतरनाक सामग्री, अपशिष्ट जल, ठोस कचरे और वायु उत्सर्जन शामिल हैं। हम उपयोगकर्ताओं को विशेष रूप से सभी प्रकार के कचरे को कम या समाप्त करने के प्रयासों के माध्यम से उनके परिचालनों के कारण होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और ऐसे प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिन पर हम निर्भर हैं। ऐसे प्रयासों में स्रोत की कटौती, सामग्री का पुनः चक्रण, कम्पोस्टिंग, पुनः उपयोग और जल एवं ऊर्जा का संरक्षण शामिल हैं।

## जिम्मेदारी और अनुपालन

आपूर्तिकर्ताओं को इस संहिता और कानून का अनुपालन करना चाहिए। आपूर्तिकर्ता अपनी आपूर्ति शृंखलाओं को बढ़ावा देने के अपने अनुपालन और अपने प्रयासों की निगरानी और प्रलेखन के प्रति स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि IP APPM आपूर्तिकर्ता के गैर-अनुपालन से अवगत हो जाती है, तो वह आपूर्तिकर्ता के किसी घटना की जांच करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। गैर-अनुपालन की स्थिति में IP APPM आपूर्तिकर्ता के साथ संविदात्मक दायित्वों को निरस्त या समाप्त कर सकती है।

## संपर्क जानकारी

आपूर्तिकर्ता के इस आचार संहिता से संबंधित किसी भी प्रश्न को ethics@ipaper.com या 0008004402101 IP APPM हेल्पलाइन को भेजा जाना चाहिए

©2013 इंटरनेशनल पेपर कंपनी। सर्वाधिकार सुरक्षित।